हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023

11 देश की आजादी में आर्य समाज का बड़ा योगदान


12 चोरों के निशाने पर किसानों के कृषि उपकरण


## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट में दो बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव बसई निवासी कर्णसिंह ने बताया कि वह किसी काम से गांव पाली गया था। वापस आते समय गांव जाट के कट के समीप सामने से गलत दिशा से तेज रफ्तार के साथ आ रहे बाईक चालक ने उसकी बाइक टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट में एक बस चालक ने बाइक सवार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव जाट निवासी चंद्रपाल ने बताया कि वह 13 दिसंबर की सुबह अपनी मोटरसाईकिल पर खेतों से दूध लेकर आ रहा था। इसी दौरान गांव बवाना की तरफ से आ रही गफलत व तेज रफ्तार से आ रही एक निजी स्कूल की बस ने उसकी बाइक टक्कर मार दी।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** गांव निम्बेहड़ा से सदर थाना पुलिस ने वारदात अंजाम देने की फिराक में अपने साथियों का इंतजार कर रहे आरोपित को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव निम्बेहड़ा निवासी संजय कुमार के रूप में हुई है।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**नारनौल।** अमरपुर जोरासी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दिल्ली निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। बिजवासन राऊ वेस्ट दिल्ली निवासी संदीप एवं उसका दोस्त अभिषेक बाइक से सवार होकर गांव जिला झुंझुनूं जा रहे थे। मध्य रात्रि करीब एक बजे अमरपुर जोरासी के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे संदीप की मौत हो गई, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बाइक को आग लगाने के मामले में आरोपी काबू

**नारनौल।** आपसी कहासुनी को लेकर बाइक को टक्कर मारने व आग लगाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में सात आरोपित प्रमोद वासी कोरियावास, रोहित वासी मांदी, सागर वासी बवाना, विश्वास वासी सुराना, विद्यानिधि उर्फ विनाज वासी कोरियावास, अनुराग वासी नई सराय व राहुल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी, सरिया व पाइप बरामद किए हैं।

### नेशनल हाईवे पर कट की मांग को लेकर धरना

**कनीना।** नेशनल हाईवे 152-डी पर सेहलंग-बागोत के मध्य कट की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से दिया जा रहा धरना रविवार को 280वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र कुमार छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इस पर फैसला ले, अंयथा ग्रामीण सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि धरने को 280 दिन बीत चुके है, सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, सतपाल सिंह, सूबेदार सुखबीर सिंह, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, मुंशीराम, सतनारायण, हंसकुमार, हेमराज, सुरेश, संजय कुमार, अशोक कुमार, नंदकुमार मौजूद थे।

# महेंद्रगढ़ नगर पालिका में पेमेंट अप्रूवल कमेटी का आज चुनाव होगा , चुनाव नहीं होने के कारण रूके पड़े हैं अनेक विकास कार्य

कमेटी गठन के बाद कार्य सुचारू होने की पूरी संभावना जताई जा

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

नगर पालिका क्षेत्र में रूके हुए विकास कायारें को शुरू करवाने के लिए पेमेंट अप्रूवल कमेटी का चुनाव सोमवार को होगा। कमेटी सदस्य के चुनाव को लेकर नगर पालिका सचिव की ओर से सभी 15 वार्ड पार्षदों को पत्र जारी किया जा चुका है। कमेटी सदस्य के चुनाव नहीं होने के कारण नगर पालिका के अनेक विकास कार्य रूके पड़े हैं तथा नए विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। परंतु अब इसके गठन के बाद कार्य सुचारू होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

**खास बातें**

- नगर पालिका के चयनित सदन सदस्यों में से एक सदस्य का चुनाव पेमेंट अप्रूवल कमेटी सदस्य के रूप में किया जाएगा

### चुनाव को लेकर नगर पालिका सचिव की ओर से सभी वार्ड पार्षदों को पत्र जारी किया जा चुका

**आज होगा कमेटी का गठन**

नगर पालिका सचिव अनिल कुमार द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि नगर पालिका के चयनित सदन सदस्यों में से एक सदस्य का चुनाव पेमेंट अप्रूवल कमेटी सदस्य के रूप में किया जाएगा। इसके लिए विशेष बैठक का आयोजन 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे नगर पालिका कार्यालय महेंद्रगढ़ में रूम नंबर एक प्रधान कक्ष में किया जाएगा। उन्होंने पत्र के माध्यम से सभी वार्ड पार्षदों को पेमेंट अप्रूवल कमेटी के चुनाव में भाग लेने के लिए निश्चित समय व तिथि को पहुंचकर बैठक में शामिल होने को कहा गया है। इस पत्र की एक-एक प्रति महेंद्रगढ़-भिवानी के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, स्थानीय विधायक राव दान सिंह, जिला नगर आयुक्त महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल, प्रधान नगर पालिका महेंद्रगढ़ तथा लेखाकार नगर पालिका महेंद्रगढ़ को भी भेजी गई है।



### पेमेंट अप्रूवल कमेटी के बिना अटके है करोड़ों के विकास कार्य

पेमेंट अप्रूवल कमेटी के गठन नहीं होने के कारण शहर में कुछ विकास कायारें की पेमेंट अटकी पड़ी है, जिनमें सामुदायिक केन्द्र, रिपेयर-मेंटिनेंस सहित अन्य कार्य शामिल है। इस कमेटी के गठन से शहर में करोड़ों के नए विकास कार्य भी शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहरवासी भी शहर में विकास कायोंर् की बाट जोह रहे हैं ताकि शहर में जर्जर मागोंर् से राहत मिल सके तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### फाइनेंस कमेटी का पहले हो चुका है गठन

नगर पालिका में विकास कायारें को फाइनेंशियल अप्रूवल देने को लेकर फाइनेंस कमेटी का गठन पहले हो चुका है। जिसमें नपा प्रधान रमेश सैनी, उप प्रधान मंजू कौशिक, सचिव तथा वार्ड पार्षद सरिता राठी तथा विष्णु वाल्मीकि है। परंतु पेमेंट अप्रूवल कमेटी का गठन नहीं होने से विकास कार्य अटके पड़े हैं। इस कमेटी में भी नपा प्रधान, उप प्रधान, सचिव तथा एक वार्ड पार्षद शामिल होंगे। वार्ड पार्षदों में से एक सदस्य के चुनाव को लेकर ही सचिव द्वारा पत्र जारी किया गया है।

## कोरोना काल से बनी हुई है दवाओं की कमी

# पशु अस्पतालों में दवाओं का टोटा, पालक परेशान

पशु पालन विभाग के डीडीए डा. नसीब सिंह बोले निदेशालय पर जारी है दवा खरीद प्रक्रिया, शीघ्र हो जाएंगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल




नारनौल। पुरानी कचहरी के समीप बना पशु अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

जिले के सरकारी पशु अस्पतालों में दवाओं का भारी टोटा बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में पशु पालकों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करवाने का प्रावधान होने के बावजूद पशु पालकों को मेडिकल स्टोर से पैसे देकर महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। पशु अस्पतालों में यह हालात कोरोना काल के समय से बने हुए हैं और करीब तीन वषारें के दौरान सरकार द्वारा पशु अस्पतालों में नाममात्र की ही दवाएं भेजी गई हैं। दवाओं के अभाव में पशु अस्पतालों में पशु पालकों को अपने बीमार पशु ले जाने पर दवाएं तो नहीं, लेकिन परामर्श जरूर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि कृषि प्रधान महेंद्रगढ़ जिला के किसानों के पास आजीविका के तौर पर पशुधन भी पालते हैं। इस समय जिले में करीब तीन लाख पालतू पशुधन यानि गाय, भैंस एवं भेड़-बकरी आदि मौजूद हैं। इन पशुओं के उपचार के लिए सरकार की ओर से पशुपालकों के लिए दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। सामान्य तौर पर दवाएं पशुपालकों को अस्पतालों में ही दी जाती थी, लेकिन कोरोना काल में महामारी के चलते वर्ष 2020 में दवाओं का आवंटन रोक दिया गया था तथा अब तक दवाएं बड़ी मात्रा में उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। वर्तमान में जिला महेंद्रगढ़ में पशु पालकों द्वारा गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, बैल, घोड़े एवं अन्य पशु पाले जा रहे हैं। इन पशुओं के उपचार के लिए जिले में लगभग 64 पशु अस्पताल तथा 70 पशु औषद्यालय खोले गए हैं, जहां पशुओं को सामान्य व मौसमी बीमारियों जैसे दस्त, पेट दर्द, पाचन तंत्र को मजबूत करने, पेट के कीड़े, बुखार, घाव एवं अन्य बीमारियों के ईलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती रही है, लेकिन इन सामान्य बीमारियों की दवाएं करीब तीन वषारें से बंद हैं और पशु पालक मजबूरन पशुओं के बीमार होने पर प्राइवेट मेडिकल स्टोर की सेवाएं लेने को मजबूर हो रहे हैं।

### इस साल भी नवंबर में आई थी दवाएं

इस साल नवंबर मास में दवाओं के नाम पर केवल फिनाइल एवं लाल दवा ही आई थी, जो करीब एक सप्ताह में ही समाप्त भी हो गई थी। तबसे अब तक सरकारी पशु अस्पतलों में दवाएं नहीं आई हैं। नारनौल में दवाओं का स्टॉक गुरुग्राम से आता है, लेकिन दवाएं समय पर नहीं आने से पशुपालक परेशान हैं और उन्हें प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर जाना पड़ रहा है।

### यह कहते हैं पशुपालक

शहर के मोहल्ला कैलाश नगर वासी कैलाश सैनी, ऑटो चालक कैलाश, दयाराम, सुरेंद्र, पुरानी मंडी निवासी रामौतार समेत गांवों के किसानों ने भी बताया कि वह कृषि के साथ-साथ पशु भी पालते हैं और अपनी आजीविका चलाते हैं। सरकार पहले पशुओं के बीमार होने की लगभग सभी दवाएं उपलब्ध करवाती थी। सामान्य बीमारियों की हर प्रकार की दवाएं मिल जाती थी। केवल गंभीर बीमारियों की दवा ही बाहर से लेनी पड़ती थी, लेकिन अब पशु अस्पतालों में सामान्य बीमारियों की दवाएं भी नहीं मिलती हैं। मौसमी बीमारियों की दवा मिलना भी अब मुश्किल हो गई हैं। ऐसे में पशु पालना भी अब दुष्कर एवं काफी महंगा हो गया है। उन्होंने बताया कि खेती के साथ-साथ पशु पालने से पूरे परिवार का गुजारा हो जाता था और बच्चे आसानी से पल जाते थे। सभी को दूध-दही एवं घी खाने को मिल जाता था, लेकिन अब तो पशु अस्पतालों में दवा ही नहीं मिलती हैं और दवाएं बाहर मेडिकल से लाना काफी महंगा पड़ रहा है। इस कारण अब पशु रख पाना भी काफी कठिन एवं महंगा हो गया है। पशु बीमार होने पर एकबार में ही 800 से एक हजार रुपये आसानी से खर्च हो जाते हैं।

### यह कहते हैं उप निदेशक

पशु पालन विभाग के उप निदेशक डा. नसीब सिंह ने बताया कि निदेशालय स्तर पर दवा खरीद की प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र ही दवाएं उपलब्ध हो जाएंगी।

# एचटेट की फिजिकल वेरीफिकेशन में पहले दिन भाग लेने पहुंचे 961 परीक्षार्थी

- सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक वेरीफिकेशन का कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। गर्ल्स स्कूल में एचटेट परीक्षा की वेरीफिकेशन करवाते परीक्षार्थी।

भिवानी बोर्ड की ओर से गत दिनों आयोजित की गई एचटेट की परीक्षा की रविवार को फिजिकल वेरीफिकेशन आयोजित की गई, जिसके तहत परीक्षार्थियों ने अपने फिंगर प्रिंट बायोमीट्रिक करवाए गए। फोटो कैप्चर किए गए तथा आधार कार्ड भी अपडेट किए गए। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में वेरीफिकेशन सेंटर बनाया गया था, जिसमें जिला महेंद्रगढ़ एवं आसपास के राजस्थान के इलाके से करीब 961 परीक्षार्थी भाग लेने पहुंचे। इसके लिए भिवानी बोर्ड की ओर से एक अधीक्षक सहायक, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा छह कंप्यूटर ऑपरेटर लगाए गए थे, जिन्होंने सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक वेरीफिकेशन का कार्य किया। अधीक्षक सहायक मनीष भारद्वाज ने बताया कि गत दो व तीन दिसंबर को भिवानी बोर्ड की ओर से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके तहत लेवल-1, लेवल-2 तथा लेवल-3 की परीक्षा अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि अब परीक्षा परिणाम निकालने से पहले बोर्ड ने कुछ परीक्षार्थियों के पास पर्सनल मैसेज भेजकर तथा बोर्ड की वेबसाइट के जरिए इस वेरीफिकेशन में शामिल होने के दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिन-जिन परीक्षार्थियों को यह मैसेज प्राप्त हुए या जिनका रोल नंबर बोर्ड की साइट पर अपडेट था, उन परीक्षार्थियों को यहां हुई वेरीफिकेशन में शामिल होने को कहा गया था। उन्होंने बताया कि इस फिजिकल वेरीफिकेशन में परीक्षार्थियों के फिंगर प्रिंट करवाए गए हैं। साथ ही फोटो भी कैप्चर किए गए हैं और आधार का भी मिलान किया गया है, ताकि परीक्षार्थियों को लेकर कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। यह वेरीफिकेशन 17 व 18 दिसंबर को होनी है। आज पहले दिन इस सेंटर पर 961 परीक्षार्थी अपने वेरीफिकेशन करवाने आए हैं। इस मौके पर डीएओ मनीष जांगड़ा समेत कंप्यूटर ऑपरेटर भी उनके साथ थे।

## पुलिस थाना के प्रस्तावित भवन के अंतर्गत अखाड़े की भूमि आने से रोष

- लोगों ने बैठक कर की अखाड़े को साथ लगती पंचायत भूमि देने अथवा रजिस्ट्री कैंसिल करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। गोसाईं अखाड़े में आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

गोसाईं अखाड़ा सतनाली में रविवार को कस्बावासियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस थाना के प्रस्तावित भवन की भूमि के अंतर्गत अखाड़े की भूमि आने पर चर्चा की गई। अखाड़ा समिति के प्रधान अनिल पहलवान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सतनाली में पुलिस थाना के लिए प्रस्तावित भवन के लिए भूमि के अंतर्गत अखाड़े की भूमि आ गई है, जिससे लोगों में रोष है। बैठक में इसी को लेकर चर्चा की गई और मांग की कि अखाड़े को साथ लगती पंचायत की भूमि दी जाए अथवा रजिस्ट्री कैसिंल की जाए। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल, एडवोकेट बलबीर शेखावत, भवानी पंच, पूर्व सरपंच प्रतिनधि होशियार सिंह, भंवर सिंहए राजेंद्र, मुरारी नंबरदार, दीवान शेखावत, राजेंद्र मुन्ना शेखावत, मुरारीलाल पहलवान, सोहन पहलवान, मुन्नीलाल पहलवान, मुकेश पहलवान, सतबीर राठौड़, पुरुषोत्तम मित्तल, भोमल, देवेंद्र सिंह, विकास सुरोलिया, शिवकुमार, अनिल कौशिक, विक्रम सिंह, अशोक मिश्रा, एडवाकेट कंवरपाल आदि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब के प्रधान मुकेश मेहता को पितृ शोक

**महेंद्रगढ़।** रोटरी क्लब प्रधान मुकेश मेहता के पिता लक्ष्मण मेहता का रविवार की सुबह हृदयगति रूकने से निधन हो गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र मुकेश मेहता के द्वारा उन्हें मुखाग्निक दी गई जबकि उनके अन्य पुत्रों दिनेश मेहता एवं सुकेश मेहता ने भी उनका पूरा साथ निभाया। पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय लक्ष्मण मेहता 80 वर्ष के बहुत ही मिलनसार एवं धार्मिक विचारों के व्यक्ति थे जो मार्केट कमेटी के हेडक्लर्क पद से सेवानिवृत्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी, हैप्पी स्कूल एमडी मनीष अग्रवाल, नरेश चेयरमैन, अमित मिश्रा, विनोद, मुकेश झूकिया, मोहन मेहता, श्रीकृष्ण सर्राफ, गोपेश मेहता, विवेक मेहता, विजय मेहता, प्रदीप मेहता, शिवरतन, मोहन अग्रवाल, राजेश गुप्ता, आनंद शर्मा, सुशील बिढ़ाट आदि उपस्थित रहे।



लक्ष्मण मेहता।

## मार्केट कमेटी फीस बढ़ोतरी पर जताया रोष

# 20 को सब्जी मंडी बंद रखने का लिया निर्णय

- काले कानून से फल व सब्जी विक्रेताओं के बड़े से छोटे व्यापारियों, आढ़ती से छोटे रेहड़ी व फड़ वाले सभी प्रभावित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। मंडी में मार्केट फीस बढ़ोतरी को लेकर रोष जताते आढ़ती।

सरकार की ओर से मार्केट कमेटी की फीस में की गई बढ़ोतरी का आढ़तियों ने रोष जताया। इस संबंध में आढ़तियों की बैठक सब्जी मंडी में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सरकार के इस फैसले के खिलाफ 20 दिसंबर को एक दिन के लिए शहर में आजाद चौक के पास स्थित सब्जी मंडी व नांगल चौधरी रोड स्थित नई सब्जी मंडी पूर्णतया बंद रखेंगे। इस बारे में सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अजीत सैनी ने बताया कि सरकार के काले कानून के विरोध में सब्जी मंडी 20 दिसंबर को पूर्णतया बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय नई सब्जी मंडी व नांगल चौधरी रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी यूनियन की ओर से 20 दिसंबर को पूर्णतया बंद का निर्णय लिया गया। प्रधान अजीत सैनी ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से लागू किए गए काले कानून से फल व सब्जी विक्रेताओं के बड़े से छोटे व्यापारियों चाहे वो आढ़ती से छोटे रेहड़ी या फड़ वाले हो सभी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मार्केट कमेटी फीस एक मुस्त भरवाने, बढ़ोतरी, स्लैब सिस्टम व लाइसेंस फीस, किराया लेने के विरोध में सब्जी मंडी से जुड़े सभी लोग 20 दिसंबर को एक दिवसीय हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से हाल ही में एडवांस में मार्केट कमेटी फीस भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जिसमें मार्केट कमेटी फीस में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले आढ़ती माल बेचते थे, उसके हिसाब से मार्केट फीस जमा करवाते थे, लेकिन अब नए नोटिफिकेशन में सरकार की ओर से एडवांस में मार्केट कमेटी फीस मांगी गई है। उन्होंने बताया कि यह फीस आढ़तियों के माल बेचने के आधार पर बनती है, जितना आढ़ती माल बेचता है, उसके आधार पर फीस भरता है। उन्होंने कहा कि बिना माल बेचे आढ़ती एडवांस में मार्केट कमेटी फीस कैसे जमा करवाएगा।

### सब्जी व फलों की रेहड़ी नहीं लेगेंगी

नई सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भगत सिंह सैनी ने कहा कि मार्केट कमेटी की एडवांस फीस लेने व 40 प्रतिशत फीस बढ़ोतरी के विरोध में 20 दिसंबर को एक दिन के लिए शहर व नांगल चौधरी रोड स्थित नई सब्जी मंडी बंद रहेगी। इसके अलावा शहर में लगने वाली सब्जी व फलों की रेहड़ी भी नहीं लेगेंगी। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि 19 दिसंबर को मंडी में सब्जी लेकर न आए, क्योंकि 20 दिसंबर को मंडी बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने नोटिफिकेशन जल्द वापस नहीं लिया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

## रोडवेज के डब्ल्यूएम अनीत यादव बने जीएम




हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

रोडवेज वर्कशॉप के डब्ल्यूएम अनीत कुमार यादव का बतौर रोडवेज जीएम प्रमोशन हो गया है। इस खुशी में उनके वर्कशॉप पहुंचने पर रोडवेज यूनियन के राज्य महासचिव देवेंद्र सिंह बिट्टू हुडीना की अगुवाई में उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर बिट्टू हुडीना ने कहा कि अनीत कुमार यादव बहुत ही सरल एवं सहज व्यक्तित्व के धनी हैं और मिलनसार स्वभाव के कारण इनके साथ काम करने में उन्हें बड़ी अच्छी अनुभूति रही है। ऐसे अफसर बार-बार मिलने चाहिए। इस मौके पर चालक संघ के प्रधान जितेंद्र कुमार, सचिन, देवदत्त, रामवीर सीगड़ा, वेदप्रकाश नंदगांव, सचिव कर्मवीर, अरविंद क्लर्क, बीएमस प्रधान पृथ्वीराज वर्कशाप, जेलदार राजकुमार ड्राईवर आदि अनेक रोडवेज कर्मचारी मौजूद रहे।



## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा-डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।




गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*


जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

आस्था | विनोद कौशिक

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कायव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**
दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।

**रिसर्च**
स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा-डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।


जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य

महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।


जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

कविता | डॉ. अशोक कुमार वर्मा



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।


जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

कविता | गरिमा




### विद्यार्थी और शिक्षक

एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फ़ुल जैसे
नाज़ुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है ।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड़ बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

ऐतिहासिक | पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान



# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल

**ऊंचाई**
हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण

**निगरानी**
चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई

**हिफाजत**
हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद

अनदेखी | कासिम खान

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही



पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।

वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू-मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।

### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे-मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

- अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू
- पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे
- सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

कलाकार | तरुण वधवा

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने





के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।

### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

## खबर संक्षेप

### हादसे के बाद कार चालक पर केस दर्ज

**डहीना।** बुड़ौली के निकट हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में महेंद्रगढ़ के तोताहेड़ी निवासी विक्रम ने बताया कि वह बाइक से अपनी बुआ के गांव बुड़ौली जा रहा था। बुड़ौली गांव के करीब पहुंचने पर सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने उसे घायलावस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी

**डहीना।** जैनाबाद में मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोर हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरपंच भावना ने बताया कि गांव के सेढ़ माता मंदिर में दानपात्र रखा हुआ है। लगभग एक साल से दानपात्र खोला नहीं गया है। इसमें लगभग 10 हजार रुपये नकदी होने का अनुमान है। चोर दानपात्र को तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### खेत से किसान का कल्टीवेटर हुआ चोरी

**डहीना।** सीहा में चोर एक किसान के खेत के पास से कल्टीवेटर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में महीपाल ने बताया कि उसने अपना कल्टीवेटर खेत के पास ही रास्त के किनारे खड़ा हुआ था। रात के समय चोर उसका कल्टीवेटर चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, परंतु कल्टीवेटर का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### हादसे के बाद कार चालक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** हांसाका गांव से चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि जेई पोपसिंह ने उसे हांसाका गांव से 10 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर तेल व क्वाइलें चोरी होने की सूचना दी। इससे बिजली निगम को करीब 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। थाना सदर पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न के मामलों में तीन काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना रोहड़ाई पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर 25 नवंबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरूग्राम के मोहनपट्टी निवासी कामेश को गिरफ्तार किया है। थाना कसोला पुलिस ने 18 नवंबर को विवाहिता की शिकायत पर दर्ज केस में संगवाड़ी निवासी अशोक व उसके भाई गोपाल को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 19 नवंबर को हुए हादसे के आरोपी गढ़ी बोलनी चौक निवासी रमेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। 13 नवंबर को हुए हादसे में कोसली पुलिस ने झाड़ौदा निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### प्रॉपर्टी धारकों को टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट

**रेवाड़ी।** नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय हेल्प डेस्क पर या स्वयं अपनी संपत्ति को सत्यापित कराता है तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने बोलनी निवासी विकास उर्फ कालू को अक्टूबर माह में पीओ घोषित किया था।


---

### गांव सेका में दो दिवसीय आर्य समाज सम्मेलन आयोजित

# देश की आजादी में आर्य समाज का बड़ा योगदान

**देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आर्य समाज की सोच का भारत बना रहे हैं : राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव सेका में आयोजित आर्य समाज के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि मानव जाति के कल्याण व देश की आजादी में आर्य समाज का बहुत बड़ा योगदान है। जिसको इतिहास कभी भूला नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि मेरा परिवार आर्य समाज से संबंध रखता है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने 10 अप्रैल 1875 में आर्य समाज की स्थापना की। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती व आर्य समाज से जुड़े लोगों ने देश में पहले अनेक कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया। आर्य समाज ने भारत में राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आर्य समाज के अनुयायियों ने भारत स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। राज्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आर्य समाज की सोच का भारत बना रहे हैं। जिसमें देश का प्रत्येक नागरिक खुशहाल रहे। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह गांव में साल में कम से कम दो बार आर्य समाज सम्मेलन करें। साथ ही अपने परिवार के छोटे बच्चों को इस सम्मेलन में ले आए, ताकि उनमें आर्य समाज को लेकर संस्कार पैदा किया जा सकें। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने 51000 रुपये आर्य समाज के आयोजकों को दिए। इस मौके पर पूर्व कमिश्नर मानसिंह, जगमाल सिंह, आर्य समाज बहरोड़ प्रधान रामानंद, डा. प्रेम यादव महेंद्रगढ़, ज्योति आर्य जयपुर, उषा आर्य रेवाड़ी, पंडित योगेश दत्त, भजन उपदेशक तेजवीर आर्य, भजन उपदेशक आचार्य प्रद्युम्न, सतबीर थानेदार, दिलीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



नारनौल। गांव सेका में सम्मेलन को संबोधित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश।

---

# भव्य होगा यदुवंशी का स्थापना दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

14 जनवरी को यदुवंशी ग्रुप के स्थापना दिवस पर होने वाला कार्यक्रम भव्य होगा। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के विभिन्न गांवों के लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उक्त विचार पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहें। इस कार्यक्रम के लिए राव बहादुर सिंह स्वयं प्रतिदिन गांवों में जाकर लोगों को सम्मानित करते हुए निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने रविवार को चनानी, रुदडोल, रामबास, गोकल, रामलवास, झोझू खुर्द, झोझू कलां, बादल, शीशवाला, असावरी, मेरूंडा, खेड़ीबतर, खेड़ीबुरा, कलियाणा, मंदोली, मंदोला, कलाली, बलाली, आदमपुर, दाढ़ीवाना, छिल्लर, दूधवा, दातोली, चिड़िया तथा नौसवा गांवों में जाकर विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार आने पर सभी समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। एक नेता का कार्य होता है समाज की भलाई के लिए वे सभी कार्य करे, जिससे पूरा इलाका खुशहाल बने। उन्होंने शिक्षा पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा मानव के सर्वागीण विकास में सहायक है।

शिक्षित लोगों से देश आगे बढ़ता है तथा सर्वोत्तम शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। सभी लोगों ने राव बहादुर सिंह के गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर किया।

### गुढ़ा के दादा छाजुवीर आश्रम में लगाए पौधे



**कनीना।** जनशक्ति विकास संगठन की ओर से रविवार को गुढ़ा गांव स्थित दादा छाजुवीर आश्रम प्रांगण में पुष्प की पौध लगाई गई। यह पौधे मुंडियाखेड़ा बिजली घर में तैयार की गई है। जिनका निःशुल्क वितरिण किया जा रहा है। संगठन की ओर से 18 प्रकार की विभिन्न प्रजातियों की सर्दी में तैयार होने वाली पौध लगाई गई हैं। संस्था के प्रधान दीप कुमार वशिष्ठ ने कहा कि गैर सरकारी संस्थाएं देखभाल की जिम्मेवारी के साथ पौध लगा सकती हैं।

# अंग्रेजी का ज्ञान रखने वाले बेरोजगार नहीं रह सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

अंग्रेजी भाषा सीखना और बोलना कठिन नहीं, बस प्रयास करने की जरूरत है। जितनी तेजी से शब्दकोष में बढ़ोतरी करेंगे उतना ही आत्मविश्वास बढ़ेगा। साथ ही अंग्रेजी भाषा पर कमांड रखने वाले युवा बेरोजगार नहीं रह सकते। उक्त विचार सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने अंग्रेजी भाषा पर आधारित सेमिनार में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वंदना यादव ने की। उन्होंने कहा कि हिन्दी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। जिसके इस्तेमाल से देश की संस्कृति को सहेजने तथा एकजुटता का संदेश मिलता है, लेकिन दूसरी ओर अंग्रेजी भाषा का महत्व भी तेजी से बढ़ रहा है।

नेशनल स्तर की कंपनियों में अंग्रेजी बोलने वाले युवाओं को प्राथमिकता मिलती है। यह भाषा सीखना, लिखना जैसी भी नॉलेज हो उसे सार्वजनिक करने का साहस करें। क्योंकि इससे गलती में सुधार कर सकेंगे, साथ ही मानसिक संकोच दूर भी हो जाएगा। प्राचार्या वंदना यादव ने विद्यार्थियों को सामाजिक व सामान्य ज्ञान बढ़ाने की हिदायत दी। उनकी सुविधा के लिए अंग्रेजी भाषा की स्पेशल सैल का चयन किया।

---

### सैनिक स्कूल का छात्र बना फ्लाइंग ऑफिसर

**रेवाड़ी।** सैनिक स्कूल के छात्र नितिन कुमार ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 17 दिसंबर को वायुसेना अकादमी में संपन्न हुई पासिंग आउट परेड के पश्चात नितिन भारतीय वायुसेना का अभिन्न अंग बने। विद्यालय प्राचार्य ग्रुप कैप्टन आर के यादव ने कैडेट को शुभकामनाएं देते हुए इसे विद्यालय व क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवान्वित क्षण बताया। उप प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास कर देश को परिपक्व सैन्य अधिकारी प्रदान करना है। देश को सुयोग्य नागरिक व सैन्य अधिकारी प्रदान करने के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध है।

## ट्राई सीरीज में झज्जर की टीम ने गुरुग्राम को 75 रन से हराया



**महेंद्रगढ़।** बाबा रूपादास खेल स्टेडियम पालड़ी पनिहारा में एक ट्राई सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें तीन टीमों ने हिस्सा यिा। पहला मैच गुड़गांव वर्सेस झज्जर के बीच खेला गया, जिसमें झज्जर ने जीत हासिल की। मुकाबले में झज्जर ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुड़गांव टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई। इसमें निशु ने शानदार 60 रन बनाएं तथा झज्जर की टीम की तरफ से प्रीति ने चार विकेट व मुस्कान ने तीन विकेट हासिल किए। इस मौके पर मंदिर कमेटी प्रधान व गांव सरपंच विजयपाल यादव मौजूद रहे, जिन्होंने लड़कियों के लिए तीन दिन ग्राउंड दिया। इसके अलावा सरपंच ने टॉस करवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। सरपंच ने बताया कि बाबा रूपादास का जो खेल ग्राउंड है, यह बहुत ही शानदार है। यहां पर बहुत दूर-दूर से टीमें खेलने के लिए आती है। अभी जिला लेवल का ट्रायल हुआ है, इससे पहले अंडर-14 स्टेट लेवल के टूर्नामेंट हुआ था। इस ग्राउंड को तैयार करने में सभी ग्रामीणों, मंदिर कमेटी व मास्टर महिपाल का योगदान है। इस मौके पर गुड़गांव टीम कोच अजीत डागर, हिसार टीम कोच नरेंद्र कौशिक, झज्जर टीम कोच सुरेंद्र, जगविंद्र, रोहतास, कुलदीप ठेकेदार, रामचंद्र, सतबीर, ओमप्रकाश खजांची, अतर सिंह, कुलदीप ठेकेदार, टोनी, रोहतास, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रक्तदाता का उत्साहवर्धन करते हुए।

**डॉ. विवेक ने बताए रक्तदान के फायदे**

राव लालसिंह शिक्षा समिति कनीना की ओर से सरस्वती शिक्षा निकेतन विद्यालय माजरा कलां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने काफी उत्साह दिखाते हुए रक्त दान किया। इस कैंप में 60 युवाओं ने रक्तदान किया। डॉ. विवेक शक्ति ने लोगों को रक्तदान के फायदे बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। राव लाल सिंह शिक्षा समिति चेयरमैन रोशनलाल यादव ने रक्तदान से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 60 वर्ष का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। नियमित रक्तदान से हृदय रोग संबंधी बीमारियों से बहुत हद तक निजात पाया जा सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है। रक्तदान करके आप दूसरों के जीवन के साथ-साथ अपने जीवन को भी सुरक्षित और संरक्षित कर सकते हैं। इस अभियान में डॉ. की टीम में विवेक, सुमित, रजनी, पिंकी, रेनू, मातीपाल व राजेश ने सूझबूझ से कार्य किया तथा राजेश कोटिया, सत्यपाल यादव, रामचंद्र, रोहित, अशोक, देवेंद्र, शिवराज, मनोज, रामसिंह, पवन, नरेंद्र, कृष्णा, रूपा सैनी व खुशबू ने उनकी सराहना की।

### अधिकारियों व कर्मियों को कर्मयोगी बना रहा शिक्षा विभाग : यादव

**रेवाड़ी।** मिशन कर्मयोगी हरियाणा सरकार का राज्य सरकार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहारिक परिवर्तन के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक पहल है। मिशन कर्मयोगी हरियाणा (एमकेएच) के माध्यम से राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों में नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए प्राचार्य सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में डाइट हुसैनपुर परिसर में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त सभी 25 मास्टर ट्रेनरों की जिला नोडल अधिकारी किरण यादव की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

---

## सीएम भजनलाल पर टिप्पणी करने वाले कांग्रेस के पूर्व सांसद का फूंका पुतला



**नारनौल।** राजस्थान के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री पंडित भजनलाल शर्मा के विरुद्ध कांग्रेस के पूर्व सांसद भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा की गई टिप्पणी पर परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता वैद्य किशन वशिष्ठ ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए समर्थकों सहित भंवर जितेंद्र सिंह का पुतला दहन किया है। वैद्य किशन वशिष्ठ ने बताया कि भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा यह कहना कि भाजपा ने एक हारे हुए सरपंच को मुख्यमंत्री बना दिया है, यह भंवर की संकीर्ण मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने माफी नहीं मांगी तो वह अपने साथियों के साथ उनके शाही महल अलवर के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन करके उनके प्रत्येक राजनैतिक कार्यक्रम में विरोध करेंगे। उनके साथ अशोक सैनी कोजिंदा, गोविंद पांडे, यशपाल शर्मा, नरेश सैनी, राहुल सोनी, गगन सोनी, प्रमोद कुमार, दिनेश लखेरा, शेखर प्रजापत, हेमंत जांगिड़, रॉकी सैनी, कमल कुमार, राजकुमार जसोरिया, राजेंद्र सैनी, संजय सैनी, मोती नूनीवाला ने भी रोष प्रकट किया।

# वाल्मीकि मंदिर देगा 5100 दीपों का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। वाल्मीकि मंदिर में बैठक के बाद उपस्थित महिलाएं व अन्य।

महर्षि वाल्मीकि मंदिर में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला अंगूरी देवी, निर्मला, राधा, कौशल्या, सुशीला, शीला, सावित्री, मीरा, सोना, मीना, उर्मिला, सावित्री व पायल ने 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन के समय चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में एक लाख दीपक जलाए जाएंगे, उसमें वाल्मीकि मंदिर व मौहल्ले की तरफ से 5100 दीपों का योगदान दिया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए वाल्मीकि मंदिर में प्रधान रमेश सिधी, उपप्रधान राजपाल सिरसवाल, संजय, राजेश व राजकुमार ने समस्त महिलाओं से आह्वान किया कि जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने अपनी रामायण में राम के जन्म का वर्णन अयोध्या में किया और राम जन्म के समय जिस प्रकार आनंद का वातावरण पूरे अयोध्या में था, ऐसा ही अवसर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय आ रहा है।

ऐसे में हम सब का नैतिक कर्तव्य बनता है कि अपने आराध्य भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन पर दीपावली मनाएं। कार्यक्रम संरक्षक कैलाश पाली ने कहा की 496 वर्ष के उपरांत ऐसी खुशी का अवसर आ रहा है।

इस अवसर को प्राप्त करने के लिए हमारे पूर्वजों ने लाखों की संख्या में अपना बलिदान दिया और उनके बलिदान के कारण ही आज यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। इस दौरान समस्त हिंदू समाज एकत्रित होकर भगवान के चरणों में आरती भजन करें।

# आरपीएस ओलंपियाड की परीक्षा में उमड़े विद्यार्थी

- पांच स्कूटी, पांच टेबलेट, दो किंडल, 27 साइकिल तथा 361 स्पोर्ट्स किट पाने वालों का भाग्य लिफाफे में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल की ओर से रविवार को आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पांचवीं ओलंपियाड परीक्षा के दूसरे फेज में विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले फेज में सफल हुए देशभर के 15 हजार से अधिक विद्यार्थी दूसरे फेज में शामिल हुए। दूसरे फेज की परीक्षा सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक पूरी तरह से ऑफलाइन ही संपन्न हुई। परीक्षार्थी प्रदेशभर में आरपीएस ग्रुप आफ स्कूल के सभी परीक्षा केंद्रों पर अपनी सुविधानुसार परीक्षा दे पाए। परीक्षा के कारण आरपीएस स्कूल के बाहर सड़क मार्ग पर दोनों और वाहनों की काफी लंबी-लंबी कतारें लग गई। सुबह करीब नौ बजे से 12 बजे तक रुक-रुक कर सड़क मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। परीक्षा में कक्षा नौवीं व 10वीं कक्षा के स्तर पर पहले तीन स्थानों पर रहने वाले

### गीत-भजन किए प्रस्तुत

विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने अभिभावकों को बांधे रखा। विद्यालय के संगीत विभाग की टीम ने भी भजन, रागिनी व देशभक्ति गीतों से उपस्थित अभिभावकों को बांधे रखा। वही आर्ट प्रशिक्षकों की टीम द्वारा सुंदर रंगोली, आर्ट कला के विभिन्न नमूने, अतुल्य भारत का दृश्य, रंग बिरंगे फूलों से बना सेल्फी प्वाइंट बनाकर सभी को आकर्षित किया। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ओलंपियाड में हर वर्ष देश व विदेश के बच्चे भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

बच्चों को स्कूटी, कक्षा 8वीं में पहले दो टॉप विद्यार्थियों को स्कूटी तथा तीसरे को टेबलेट, कक्षा चौथी से सातवीं तक के ग्रुप में पहले तीन टॉप विद्यार्थियों को टेबलेट तथा कक्षा प्रथम से तृतीय तक में प्रथम को टेबलेट तथा द्वितीय व तृतीय रहने वाले को किंडल तथा इसी ग्रुप में चौथे स्थान से लेकर 30 स्थानों तक अपना कब्जा जमाने वाले बच्चों को साइकिलें और प्रत्येक ग्रुप के शेष टॉप 40 स्थान में शामिल बच्चों को स्पोर्ट्स किट देकर आरपीएस ग्रुप की ओर से सम्मानित किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। परीक्षा में भाग लेने आए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### गाय के शरीर में होता है सभी देवताओं का वास : आचार्य मनीष

# श्री गोपाला गोशाला में गोवंश के लिए सवामणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। गोवंश के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्री गौ गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री गोपाल गौशाला में गोवंश के लिए सवामणी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आचार्य पं. मनीष शास्त्री ने मुख्य यजमान राजेन्द्र गुप्ता, मंजू गुप्ता, महेंद्र नूनीवाल, अनुराधा नूनीवाल, प्रदीप संघी, रेखा संघी व संस्था के सभी सदस्यों से श्री गणेश जी, नवग्रह सहित सभी देवी-देवताओं तथा गौ पूजन करवाया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने गौ माता की आरती कर सवामणी लगाई। इस अवसर पर हरी सब्जी, हरा चारा सहित खल, मेथी, गुड़, सरसों, तेल, नमक आदि मिलाकर सवामणी तैयार कर गोंवश को खिलाई गई। आचार्य मनीष निर्मल शास्त्री ने बताया कि गाय के शरीर मे सभी देवताओं का वास होता है। उन्होंने बताया कि गाय की सेवा करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सुरेश शर्मा ने बताया कि सभी वेदों एवं शास्त्रों का सार है कि परोपकार के समान कोई पुण्य नहीं है और दूसरों को दुख देने के समान कोई पाप नहीं हैं। राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि गाय की सेवा करने से मनुष्य के अनेक प्रकार के दोष दूर होते है व अलौकिक पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीव श्रद्धा विश्वास के साथ गौ पूजन व गौ सेवा करते है, उन पर भगवान श्रीकृष्ण की विशेष कृपा प्राप्त होती है। संस्था के प्रधान महेंद्र नूनीवाला ने कहा कि यदि हम अपने घर में गाय नहीं पाल सकते तो कोई बात नहीं, लेकिन कम से कम रोज अपने घर से गाय के लिए रोटी व अन्न, हरा चारा गाय खिलाना चाहिए। इस मौके पर सुरेन्द्र गोयल, वेदप्रकाश बंसल, विकास बंसल, राकेश चौधरी, मधुर बंसल, रमा सोनी, पिंकी अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, रेखा संघी, लक्षिका शर्मा, देवांशी शर्मा, पिंकी बंसल, मंजू शर्मा, काजल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सतनाली में अक्षत कलश का 22 को होगा स्वागत



**सतनाली मंडी।** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को हर घर पांच दीपक जलाने एवं घर-घर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुंचने के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाने के उद्देश्य से कस्बा स्थित जमुवाय माता मंदिर में सतनाली प्रखंड की बैठक का आयोजन किया गया। प्रखण्ड संयोजक प्रवीण कुमार ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। 22 दिसंबर दोपहर दो बजे अक्षत कलश का सतनाली पहुंचने पर स्वागत करेंगे।

### राधा-कृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात फेरी



**नारनौल।** राधा-कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 48वीं प्रभात फेरी मोहल्ला जमालपुर से निकाली गई। प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे ढोल बजाते हुए राधे-राधे नाम का जाप कर शहर की गलियों से नाचते-गाते निकले। जिससे सारा वातावरण ऐसा लग रहा था, जैसे कि वृंदावन की गलियों में राधा-रानी के भक्तों की टोलियां झूम रही हो। इस दौरान जगह-जगह पर लोगों ने घरों से बाहर निकाल कर प्रभात फेरी का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

### कोका में एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित



**कनीना।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को खंड के गांव कोका में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 व 16 आयुवर्ग के युवक व युवतियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाबा जवाहर लाल खेल मैदान में इस प्रतियोगिता में कोका गांव सहित दूर-दराज से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने दौड़, थ्रो, जंप आदि में हिस्सा लिया। सचिव प्रदीप यादव व कोच कुश ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी आगामी फरवरी माह में गुजरात में होने वाली 19वीं नेशनल इंटर डिस्टिक एथलीट मीट में हिस्सा लेंगे।

### विशेष शिक्षकों को आदर्श अध्यापक बनने की प्रेरणा



**नारनौल।** संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर नसीबपुर में सतत पुनर्वास शिक्षा प्रोग्राम के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्बोधन संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेष शिक्षकों को एक आदर्श अध्यापक बनने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यव्रत शास्त्री ने अध्यापक के गुण व नैतिक मूल्यों पर गहरा प्रकाश डाला।

## चोरों के निशाने पर किसानों के कृषि उपकरण

# सिसोठ के खेतों में दूसरे दिन भी चोरी, किसान पहुंचे थाने

### क्षेत्र में 10 दिनों में 31 किसानों के 397 नोजल हो चुके चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

क्षेत्र में कुछ दिनों से पुलिस सुस्त और चोर चुस्त नजर रहे है। क्षेत्र से किसानों के खेत से लगातार हो रही चोरी की वारदातें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले दस दिनों में 31 किसानों 397 नोजल चोरी हो चुके हैं। चोरों के हौसले अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता है कि चोरों ने लगातार दूसरे दिन गांव सिसोठ में सात किसानों के 97 नोजल चोरी कर लिए हैं। भले ही पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के लाख दावे कर रही हो, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र किसानों से खेत से नोजल चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।

### नोजल चोरी में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला

पिछले दिन हुई किसानों के नोजल चोरी में अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा हैं। पुलिस की इस लापरवाही से चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।



महेंद्रगढ़। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार से मिलते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। गांव सिसोठ में चोरी किए गए नोजल। फोटो: हरिभूमि

शनिवार की रात को चोरों ने लगातार दूसरे दिन सिसोठ में किसानों के कृषि उपकरण चुरा लिए हैं। किसानों ने रविवार में थाने पहुंचकर रोष प्रकट किया। पुलिस ने किसानों को आश्वासन दिया है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए दो टीमों का गठन कर दिया गया हैं। इसके अलावा ग्रामीणों क्षेत्र में रात के समय पुलिस की गस्त बढ़ाई जाएगी। गांव सिसोठ सरपंच विरेंद्र कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की रात किसान राकेश के 18 नोजल, सुनील के 13, ओमकार के 13, रविन के 13, होशियार सिंह के 18, रणबीर सिंह के 12, सूबेसिंह के 14 व धर्मपाल के 12 नोजल नामपता ना मालुम व्यक्ति चोरी करके ले गए है। वहीं शनिवार की रात को चोर किसान अमरजीत के 33 नोजल, सुनील के 10 नोजल, राजबीर के 10 नोजल, विनोद के 12 नोजल, राजबीर के 10 नोजल, राजकुमार के 7 नोजल तथा राजेश के 12 नोजल चोरी कर लिए हैं। ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर अपना रोष प्रकट किया तथा चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर अमरजीत, सुनील कुमार, रणबीर, सतबीर सिंह, विनोद कुमार, राजकुमार, राजेश आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### पहले भी हो चुकी चोरियां

⏭गांव खायरा के किसानों ने बताया कि 11 व 12 दिसंबर की रात को छह किसानों के खेतों से नोजल की चोरी हो गई है। किसान कृष्ण के 12 नोजल, सुमेर सिंह के 18 नोजल, रणधावा के 10 नोजल, रामकिशन के 22 नोजल, हवासिंह के 10 नोजल, धर्मबीर के 13 नोजल व तीन नलकी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

⏭गांव रिवासा के किसान रतनलाल ने बताया था कि 10 दिसंबर को उनके खेतों से अज्ञात चोरों ने फव्वारा सेट चोरी कर लिया और साथ में किसान अमित, जितेंद्र, दशरथ, होशियार सिंह, लालाराम, ओमबीर, उमेद के खेतों में करीबन 150 नोजल चोरी हो गए है।

⏭गांव कुरहावटा में सुरेंद्र यादव के खेत से दो फव्वारा सेट तथा 25 नोजल तथा माइराम के खेत से छह नोजल चोरी कर ले गए।

# इस माह कड़ाके की ठंड रहेगी नदारद

- बार-बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव व उतार-चढ़ाव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मौसम साफ व शुष्क बना हुआ है। बार-बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते दिसंबर महीने का पहला पखवाड़े की समाप्ति हो चुकी है, लेकिन कड़ाके की ठंड की शुरूआत नहीं हुई है।

एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके से कड़ाके की ठंड नदारद है, क्योंकि बार-बार हवाओं की दिशा में बदलाव होने से तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज हो रहा है। साथ ही सुबह से शाम तक सूरज की चमकदार धूप खिली रहने से दिन के तापमान में विशेष गिरावट देखने को नहीं मिल रही है। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन का तापमान 20.0 डिग्री से 25.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन का तापमान क्रमशः 24.5 डिग्री सेल्सियस व 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


### कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय हो गया है जिसकी वजह से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की बादलवाही ही देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि जैसे ही मौसम प्रणाली आगे निकल जाएगी, एक बार फिर से उत्तरी बर्फिली हवाओं से सम्पूर्ण इलाके विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। साथ ही साथ सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा देखने को मिलेगा। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि 23 दिसबर को एक अन्य कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से फिर से मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। यानी इस सीजन के दिसंबर महीने में दिन में कड़ाके की ठंड नदारद रहेगी, हालांकि सुबह कुछ घंटे

# अयोध्या के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग

- दैनिक रेल यात्री महासंघ ने सौंपा स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

दैनिक रेल यात्री महासंघ के सदस्यों ने रविवार को अयोध्या धाम के लिए ट्रेन चलाने को लेकर स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। दैनिक रेलयात्री महासंघ अध्यक्ष रामनिवास पाटौदा ने बताया कि महेंद्रगढ को अयोध्या धाम से जोड़ने के लिए गाड़ी संख्या 13413/14 और 13483/84 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रैस का विस्तार महेंद्रगढ़ के रास्ते हिसार-सीकर तक किया जाए। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण कार्य जनवरी 2024 में पूर्ण करने का ऐलान हुआ है, तब से पूरे देश के सभी सनातनियों में खुशी की लहर है। देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि पूरे देश के सभी राज्यों से अयोध्या नगरी को रेल से जोड़ा जाए। रामनिवास पाटोदा ने बताया कि राजस्थान व हरियाणा राज्य में भी लाखों की संख्या में राम भक्त प्रतिदिन दर्शन अयोध्या नगरी में आवगमन करेंगे। उन्होंने रेलमंत्री से मांग की है कि बीकानेर मंडल से साधारण वंदे भारत व स्पेशल एक नई ट्रेन का संचालन किया जाए, क्योंकि लोहारू, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी रूट पर प्रतिदिन लंबी दूरी की व तीर्थस्थानों के लिए आजतक कोई ट्रेन सुविधा नहीं मिली है।



## जैलाफ में बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को किया सम्मानित

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन से नवनिर्वाचित जिला प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव, जिला सचिव एडवोकेट सुमित चौधरी व बार एसोसिएशन महेंद्रगढ़ से निर्वाचित उपप्रधान चन्द्रदीप भरगड़ का गांव जैलाफ में ग्रामीणों ने नागरिक अभिनन्दन किया। अभिनन्दन समारोह की अध्यक्षता बुजुर्ग श्रीचंद महाशय ने की। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने किया। इस अवसर पर रिटायर्ड कप्तान कैलाश भरगड़ ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी ग्रामीण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते है और इनका योगदान गांव के युवाओं को शिक्षित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। गांवों में आपसी भाईचारा व अमन चैन कायम रहे और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान में इन युवाओं का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। एडवोकेट मंजीत यादव, एडवोकेट सुमित चौधरी व चन्ददीप भरगड़ ने गांव जैलाफ के ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए अपनी ओर से सामाजिक सरोकार को सदैव याद रखने का भरोसा दिलाया।

# 'जीवन में कभी भी अभिमान न करें'

- हुडा सेक्टर एक में संगीतमय श्रीराम कथा का तृतीय दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

हुडा सेक्टर एक में स्थित प्लाट नम्बर 166 में महिला मंडल हुडा सेक्टर की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तृतीय दिन रविवार को वृंदावन धाम से पधारे महाराज जय श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रभु के नाम की क्या महिमा है, यह अगर जाकर के रामजी से पूछा जाए तो वह भी नहीं बता सकते, क्योंकि भगवान ने तो केवल जो जीव उनके सम्मुख आया उसका उद्धार किया, लेकिन भगवान का नाम आज भी करोड़ जीवन का उद्धार कर रहा है और नाम के ही प्रभाव से श्री गणेश जी महाराज प्रथम पूज्य हुए।



नारनौल। श्रीराम कथा में उपस्थित महिलाएं व प्रवचन देते महाराज (इनसेट)।

उन्होंने कहा कि महिमा जसू जान गणराऊ प्रथम पूजियत नाम प्रभाऊ माता सती का चरित्र और उनके पिता दक्ष से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में कभी भी हमें अभिमान नहीं करना चाहिए। अगर हमको कहीं थोड़ी सी प्रतिष्ठा मिल जाए, तो अक्सर हम अभिमानी हो जाते हैं और अगर हमारे जीवन में अभियान आ गया तो जो गति दक्ष की हुई, वहीं हमारी होगी। इसलिए अभियान से बचे।

# फैजाबाद चौकी इंचार्ज ने की सरपंचों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। बैठक में सरपंचों को संबोधित करते चौकी दंचार्ज तपेंद्र।

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशन मे पुलिस की ओर से रविवार को चौकी फैजाबाद परिसर में सरपंचों, मौजीज व्यक्तियों व चौकीदारों के साथ बैठक की। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज एसआई तपेंद्र ने चौकी क्षेत्र के गांवों के सरपंचों, मौजीज व्यक्तियों व चौकीदारों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। चौकी इंचार्ज ने मौजूद लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशे जैसी बीमारी से दूर रहे और दूसरों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। अपने-अपने गांवों के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों को अपने बच्चे पर रोज की होने वाली क्रियाओं पर ध्यान देना चाहिए तथा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। नशे से दूर रहकर ही युवा अपने परिवार, समाज व देश का भला कर सकता है।

# बैठक में कांग्रेस संगठन को लेकर चर्चा

- हर वर्ग भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से दुखी : राव नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

रविवार को विधानसभा क्षेत्र अटेली के गांव बाछौद व सेहलंग मंडल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसका नेतृत्व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस बैठक में पीसीसी कोऑर्डिनेटर पवन बुवानीवाला व जिला प्रभारी गोपाल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



मंडी अटेली। बाछौद में बैठक में संबोधित करते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह।

इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से दुखी व परेशान है। महंगाई से लेकर बेरोजगारी की मार हर वर्ग झेल रहा है। पिछले 9 वषार्ें में सरकार ने प्रदेश को नंबर वन के पायदान से शून्य पर पहुंचा दिया है। प्रदेश में युवाओं को नौकरी देने के नाम पर निकाली गई भर्तियां भी पेपर लीक की भेंट चढ़ गई, जिसकी वजह से आज युवा पूरी तरह से हताश है। इस मौके पर पीसीसी प्रदेश कोऑर्डिनेटर पवन बुवानीवाला ने कहा कि प्रस्तावित मंडल बाछौद में कार्यकर्ताओं से बैठक की गई, जिसमें पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी लगाई जाएगी। अंत में जिला प्रभारी गोपाल सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में माहौल पूरी तरह से कांग्रेस की तरफ है। मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार के लगातार झूठे वादों व आमजन विरोधी नीतियों के चलते हर वर्ग दुखी है तथा आगामी चुनावों में बदलाव चाहता है।

### भाजपा नेता सुंदर चौधरी की दादी का निधन

**नांगल चौधरी।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुंदर चौधरी की दादी का निधन हो गया है। जिसका दाहसंस्कार पैतृक गांव भेडंटी में किया गया। अंतिम संस्कार में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धाजंलि दी। परिजनों ने बताया कि दड़कली देवी (97) धार्मिक विचारों से ओतप्रोत थी। बीती रात उन्हें अचानक से सांस लेने में मुश्किल हुई, जिस पर परिजनों ने अस्पताल ले जाने का प्रबंध किया, लेकिन पीड़िता ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दिवंगत आत्मा के पीछे पुत्र, पुत्री, पौत्र व प्रपौत्रों समेत भरापूरा परिवार है।



दड़कली देवी।

# भोजावास में खिलाड़ियों का सम्मान

- खेल स्टेडियम बनाने की मांग का समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के खेल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गांव भोजावास में खिलाड़ी सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार से भोजावास में खेल स्टेडियम बनाने की मांग की। सम्मेलन में खिलाड़ी सचिन, राकेश, अमित, रज्जाक, कोली, मोहित ने कहा कि राज्य सरकार तथा जिला खेल विभाग खिलाड़ियों की समस्याओं और मांगों के प्रति उदासीनता बरत रहा है। उन्होंने भोजावास में खेल स्टेडियम बनाने, प्रशिक्षण के लिए कोच नियुक्त करने तथा खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट व पुटबॉल का सामान उपलब्ध करवाने की मांग की। अतरलाल ने खिलाड़ियों की मांगों को वाजिब बताया और कहा कि खिलाड़ी देश की शान हैं। सरकार को प्रारंभिक स्तर पर गांवों में अच्छे खेल स्टेडियम बनाने चाहिए तथा उनमें कोचों की नियुक्ति करनी चाहिए। उन्होंने छिथरौली, बोचड़िया, दौंगड़ा अहीर व धनौंदा गांवों में खेल स्टेडियमों की बदहाली पर चिंता प्रकट करते हुए सरकार से इन स्टेडियमों के रखरखाव के लिए कर्मचारी एवं अच्छे कोच नियुक्त करने की मांग की।



नारनौल। सम्मेलन में पहुंचने पर मुख्य अतिथि अतरलाल का स्वागत करते खिलाड़ी।

### झूठा मामला दर्ज करवाने पर तीन गिरफ्तार

**नारनौल।** आपसी रंजिश के चलते गाड़ी को टक्कर मारने व फायर करने का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी की पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान साबिर वासी जैनपुर, बिजेंद्र उर्फ बिल्लू वासी नांगल दर्गु व सुधीर उर्फ विक्की वासी छापड़ा बीबीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपितों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता बिल्लू उर्फ बिजेंद्र वासी नांगल दर्गु ने थाना नांगल चौधरी में उसकी कैम्पर गाड़ी को टक्कर मारने व फायर करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने नामजद के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने मनाया स्थापना दिवस

# संस्था के शिविर में 52 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप के स्थापना दिवस अवसर पर रोटरी क्लब सिटी के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन जैन मांगलिक भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राव सुखविंदर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएसएसएल अकेडमी के अध्यक्ष राकेश यादव ने की। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी राजकुमार यादव रातां वाले, प्रवीण संघी, विपिन शर्मा, गिरीश खेड़ा, सुधीर कुमार एडवोकेट, राघव चौधरी, नरेश पटीकरा विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर कैम्प में क्षेत्र के आसपास व दूर-दराज के गांवों से अनेक युवा साथियों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए 52 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा में अपना विशेष योगदान दिया। मुख्य अतिथि राव सुखविंदर सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा अन्य कोई दान नहीं है, क्योंकि अपने रक्त को किसी अनजान के लिए इस बेशकीमती रक्त को दान करना सबसे बड़ा धर्म है। राकेश यादव ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री या कारखाने में नहीं बनाया जा सकता और जरूरत पड़ने पर एक इंसान का रक्त दूसरे इंसान के काम आकर किसी का जीवन बचाता है।



नारनौल। कैम्प में रक्तदाता को बैज लगाते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नेकी की दीवार हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया व रोटरी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने दोनों संस्थाओं व अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए सभी पटका को पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में मदनलाल गोगिया, निखिल जैन, संदीप जैन, विनोद चौधरी, विजय जिंदल, राजकुमार चौधरी, विनय मित्तल, दिनेश भार्गव, अनिल शर्मा, रवि खन्ना, हरिकिशन गौड़, हितेंद्र मित्तल, पवन यादव, विवेक अग्रवाल, देव शर्मा, संदीप शुक्ला, डा. शिवकुमार, डा. एमएम रावत, निहाल सैनी, अजय खटाना, दलीप ताजीपुर, उपासना शर्मा, मंदीप यादव आदि मौजूद थे।

### जन संवाद यात्रा के लिए भीलवाड़ा में हुई बैठक

**मंडी अटेली।** भारतीय जनता पार्टी के अटेली मंडल की मीटिंग ग्राम पंचायत भीलवाड़ा में पांच शक्ति केंद्रों के गांव भीलवाड़ा, मिर्जापुर, बाछौद, छापड़ा सलीमपुर, सुरानी, कुंजपुरा, श्यामपुरा की बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक लंबा ने की। मुख्य अतिथि व विकसित भारत संकल्प यात्रा के सहसंयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा के प्रदीप यादव रहे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी रहेंगे, जो आम समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही निवारण करेंगे। इस मौके पर डॉ. चित्र कुमार, मनजीत भीलवाड़ा, डॉ. भूपसिंह, सुरेंद्र कुमार, कमल शर्मा, जसवंत, संतलाल, राकेश यादव व चंदगीराम आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।